
8. मूल सिद्धांत (सेंट्रल डोग्मा) के निम्न आरेख में 'P', 'Q' तथा 'R' को निम्नलिखित में से किस विकल्प में सही ढंग से अभिचित्रित किया गया है ? **1**




(A) P – प्रतिकृतीयन, Q – rआरएनए, R – अनुलेखन

(B) P – रूपांतरण, Q – mआरएनए, R – अनुलेखन

(C) P – प्रतिकृतीयन, Q – mआरएनए, R – रूपांतरण

(D) P – अनुलेखन, Q – mआरएनए, R – रूपांतरण

9. जैव विकास के म्यूटेशन (उत्परिवर्तन) सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया ? **1**

(A) वाइजमैन (B) लुइस पाश्चर

(C) डार्विन (D) ह्यूगो डी-वेरीज़

10. नीचे दिए गए जैव-सक्रिय पदार्थों तथा उनके कार्यों (उपयोग) की सूची का अध्ययन कीजिए : **1**

| जैव-सक्रिय पदार्थ | कार्य/उपयोग |
|---|---|
| A. स्टैटिन | I. तेल के धब्बे हटाना |
| B. साइक्लोस्पोरिन-ए | II. रक्तवाहिकाओं से थक्का (क्लॉट) हटाना |
| C. स्ट्रैप्टोकाइनेज | III. रक्त-कोलेस्टेरॉल को कम करना |
| D. लाइपेज | IV. प्रतिरक्षानिरोधक (इम्युनोसप्रेसिव) कारक |

उस विकल्प को चुनिए जिसमें जैव-सक्रिय पदार्थों का उनके कार्यों (उपयोग) के साथ सही मिलान किया गया है।

(A) A – II, B – III, C – I, D – IV (B) A – III, B – IV, C – II, D – I

(C) A – IV, B – I, C – II, D – III (D) A – IV, B – II, C – I, D – III

11. 'आण्विक कैंची' किस संवर्ग में आते हैं ? **1**


(A) विखंडन (क्लीविंग) एंजाइम (B) एंडोन्यूक्लिएज

(C) एक्सोन्यूक्लिएज (D) प्रतिबंधन एंजाइम



https://www.evidyarthi.in/

8. Which of the options has correct identification of 'P', 'Q' and 'R' in the illustration of 'Central Dogma' given below ? **1**




(A) P – Replication, Q – rRNA, R – Transcription
(B) P – Translation, Q – mRNA, R – Transcription
(C) P – Replication, Q – mRNA, R – Translation
(D) P – Transcription, Q – mRNA, R – Translation

9. Who proposed the mutation theory in favour of organic evolution ? **1**

(A) Weisman
(B) Louis Pasteur
(C) Darwin
(D) Hugo de Vries

10. Study the following list of bioactive substances and their action : **1**

| **Bioactive Substance** | **Role** |
|---|---|
| A. Statin | I. Removal of oil stains |
| B. Cyclosporin A | II. Removal of clots from blood vessels |
| C. Streptokinase | III. Lowering of blood cholesterol |
| D. Lipase | IV. Immuno-suppressive agent |

Select the option in which the bioactive substances are correctly matched with their action.

(A) A – II, B – III, C – I, D – IV
(B) A – III, B – IV, C – II, D – I
(C) A – IV, B – I, C – II, D – III
(D) A – IV, B – II, C – I, D – III

11. The 'molecular scissors' fall in the category of : **1**

(A) Cleaving enzyme
(B) Endonuclease
(C) Exonuclease
(D) Restriction enzymes



https://www.evidyarthi.in/

18. (a) भरपूर स्तनपान कराने वाली महिलाएँ सामान्यतः गर्भधारण नहीं करतीं । क्यों ?

(b) हमारी सरकार ने चिकित्सीय सगर्भता समापन (एमटीपी) पर जानबूझकर अनेक प्रतिबंध लगा रखे हैं । क्यों ? **2 × 1 = 2**

19. (a) उस स्रोत का नाम लिखिए जिससे पुराने (विगत) समय में इंसुलिन का निष्कर्षण किया जाता था । मधुमेह के रोगियों द्वारा अब इस इंसुलिन का उपयोग क्यों नहीं किया जाता ?

(b) मानव शरीर में संश्लेषित होने वाले इंसुलिन को पहले संसाधित होने की आवश्यकता क्यों होती है, जबकि एली लिली कंपनी द्वारा उत्पादित इंसुलिन को संसाधित करने की आवश्यकता नहीं होती ? व्याख्या कीजिए । **2 × 1 = 2**

20. (a) चारण खाद्य शृंखला तथा अपरद खाद्य शृंखला में अंतर स्थापित कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) एक समुचित उदाहरण की सहायता से अंड परजीविता (ब्रूड पैरासीटिज्म) की व्याख्या कीजिए । **2**

21. (a) जैव-विविधता हॉट-स्पॉट क्षेत्र पृथ्वी के स्थलक्षेत्र के 2% से भी कम है, इन क्षेत्रों की विशेष सुरक्षा के द्वारा विलोपन की दर को कम किया जा सकता है । व्याख्या कीजिए ।

(b) भारत में किन्हीं दो हॉट-स्पॉट के नाम लिखिए । **2**


## खण्ड – ग

22. एक आवृतबीजी के नर युग्मकोद्भिद/लघुबीजाणु के आरेखीय काट का चित्र बनाइए तथा इसके किन्हीं चार भागों को नामांकित कीजिए । इसके किन्हीं दो भागों के कार्य लिखिए । **3**

23. (a) रुधिर वर्ग 'A' वाले एक पुरुष ने रुधिर वर्ग 'AB' वाली स्त्री से विवाह किया । उनसे उत्पन्न पहली संतान का रुधिर वर्ग 'B' है । पिता के जीनोटाइप का पता लगाने के लिए एक क्रॉस बनाइए । इस युगल (दंपत्ति) से जन्म लेने वाली संतान के संभावित रुधिर वर्ग तथा जीनोटाइप लिखिए । (पनेट वर्ग का उपयोग कीजिए ।)

(b) मानव में 'ABO' रुधिर वर्गों के निर्धारण का आधार लिखिए । **3**

24. (a) तीन खोपड़ियों 'A', 'B' तथा 'C' के चित्र नीचे दिए गए हैं, यह किन प्राणियों की हैं ? इनमें से कौन सी दो एक दूसरे से अधिक सदृश्य हैं ? **2**




(b) 1.5 मिलियन पूर्व पाए जाने वाले (i) वनमानुष (ऐप) सदृश्य (ii) मानव सदृश्य नर वानरगण (प्राईमेट्स) के नाम लिखिए । **1**


https://www.evidyarthi.in/

